अनुसूचित जाति आयोग की बैठक से नदारद अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

## धर्मांतरण में लगे एनजीओ पर शिकंजा कसा जाए : जाटव



**जबलपुर।** अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कैलाश जाटव की अध्यक्षता में बुधवार को यहां पुलिस विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि धर्मांतरण कराने वाले एनजीओ पर शिकंजा कसा जाए। प्रदेश अध्यक्ष ने अनुसूचित जाति बाहुल्य बस्तियों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने पुलिस विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि इन क्षेत्रों में बढ़ रहे अपराध और नशे की प्रवृत्ति पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जाए। इस दौरान बैठक से नदारद रहने वाले थाना प्रभारियों को लेकर उन्होंने सख्त रवैया अपनाते हुए कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अनुपस्थित अधिकारियों को जवाब-तलब के लिए जल्द ही भोपाल मुख्यालय बुलाया जाएगा। कैलाश जाटव ने कहा कि पुलिस को केवल दंडात्मक कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि सजगता अभियान के तहत इन बस्तियों में जागरूकता शिविर आयोजित करने, लोगों को समझाने और नशामुक्ति के लिए पुनर्वास केंद्र खोलने जैसे सकारात्मक कदम भी उठाने चाहिए। इसके साथ ही, बैठक में बस्तियों के भीतर हो रहे अवैध धर्मांतरण के संवेदनशील मुद्दे पर भी कड़ा रुख अपनाया गया। कैलाश जाटव ने पुलिस प्रशासन को ऐसी गतिविधियों में लिप्त संदिग्ध एनजीओ को चिन्हित कर उनके खिलाफ तत्काल वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एट्रोसिटी एक्ट के तहत पीड़ित महिलाओं की थानों में पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनवाई होनी चाहिए, अधिकारी उनके साथ ससम्मान बातचीत करें और त्वरित एफआईआर दर्ज कर एक्शन लें।

### अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं की समीक्षा




राज्य अनुसूचित जाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने नगर निगम मुख्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ परिचयात्मक और समीक्षा बैठक की। बैठक में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, उनके प्रभावी क्रियान्वयन तथा समाज के उत्थान के लिए तैयार की जाने वाली कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों की जानकारी भी ली। बैठक में डॉ. जाटव ने कहा कि नगर निगम प्रशासन शासन और आमजन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है तथा योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर सुदृढ़ करने और स्वरोजगार सहित विभिन्न विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया। अधिकारियों ने आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने का भरोसा दिलाया। बैठक में निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## जबलपुर की बेटियों रिया और दीपा ने विश्व योगासन चैंपियनशिप में 3 स्वर्ण पदक जीतकर बढ़ाया भारत का मान

**जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय योगासन खेल में जबलपुर की बेटियों रिया और दीपा लोधी ने प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए कुल तीन स्वर्ण पदक अर्जित किए। यह प्रतियोगिता अहमदाबाद में आयोजित हुई, जिसमें 78 देशों के लगभग 400 से अधिक खिलाड़ियों ने योगासन, संतुलन, शक्ति और लचीलेपन का प्रदर्शन किया। रिया ने सूपाइन इवेंट में स्वर्ण पदक जीता, जबकि दीपा लोधी ने आर्टिस्टिक पेयर एवं आर्टिस्टिक ग्रुप में दो स्वर्ण पदक हासिल किए। इस उपलब्धि के साथ मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने कुल 9 स्वर्ण और 1 रजत सहित भारत की झोली में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत ने कुल 114 पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जिनमें 102 स्वर्ण पदक शामिल हैं। मध्यप्रदेश योग आयोग के अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा ने समापन अवसर पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। मध्य प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, महासचिव दिनेश सिंह ठाकुर, जबलपुर अध्यक्ष राकेश नेमा, संयुक्त सचिव सचिन तिवारी एवं दीपक जैन ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रिया और दीपा की सफलता में एकलव्य अकादमी के कोच शिवम गुप्ता एवं देवेंद्र मिश्रा का मार्गदर्शन उल्लेखनीय रहा।

### बस का इंतजार कर रहे 3 युवक कार की टक्कर से घायल

**जबलपुर।** कटंगी थाना अतंर्गत ग्राम ककरेहटा तिराहे के पास रोड किनारे खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे तीन युवकों को एक कार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पटेरा जिला दमोह निवासी 38 वर्षीय दशरथ सिंह लोधी गांव के रोहित ठाकुर, गनेण काछी, परम सिंह लोधी और सोनू सिंह के साथ माता नाहन देवी के दर्शन करने के बाद दमोह जाने के लिये कटंगी जबलपुर मेन रोड ग्राम ककरेहटा तिराहे के पास रोड़ किनारे खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे थे रात लगभग 8.30 बजे जबलपुर तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 40 बीई 0810 के चालक ने रोड किनारे खड़े गणेश काछी, परम सिंह लोधी, सोनू सिंह ठाकुर को पीछे से टक्कर मार दिया जिससे तीनों सड़क पर गिर गये और तीनों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आ गयी। दशरथ सिंह लोधी ने तीनों घायलों को उपचार हेतु जबलपुर भिजवाया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दो और प्रतिष्ठानों में कराई गई तालाबंदी

## अग्नि सुरक्षा नियमों पर निगम सख्त

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा अग्नि सुरक्षा, भवन अनुज्ञा और ट्रेड लाइसेंस संबंधी नियमों के पालन को लेकर अभियान लगातार जारी है। तीन संस्थानों की सीलिंग के बाद बुधवार को रवि प्लास्टिक (गलगला-सराफा रोड) और अशोक एजेंसी (मुकादमगंज) का संयुक्त निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान दोनों प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों के उल्लंघन और अन्य गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर संचालकों की सहमति से मौके पर तालाबंदी की कार्रवाई की गई।

निरीक्षण दल में अग्निशमन विभाग, भवन शाखा और लाइसेंस शाखा के अधिकारी शामिल रहे। जांच में पाया गया कि दोनों प्रतिष्ठानों में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील सामग्री का भंडारण किया गया था, जबकि आपातकालीन निकासी और आवागमन के लिए पर्याप्त मार्ग उपलब्ध नहीं थे। साथ ही अग्नि सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था भी मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। भवनों के स्वीकृत नक्शे और वैध लाइसेंस संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए जा सके।

रवि प्लास्टिक के निरीक्षण में भवन के भीतर प्लास्टिक एवं अन्य ज्वलनशील वस्तुओं का अत्यधिक भंडारण पाया गया। एकमात्र स्टेयर-केस भी सामग्री से अवरुद्ध था, जिससे किसी दुर्घटना की स्थिति में सुरक्षित निकासी प्रभावित हो सकती थी। वहीं अशोक एजेंसी में कपूर, अगरबत्ती सहित अन्य ज्वलनशील सामग्री बड़ी मात्रा में रखी गई थी। यहां भी निकासी मार्ग बाधित पाए गए और आवश्यक अग्निशमन संसाधनों का अभाव मिला। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा कि जन-सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए अनिवार्य है तथा अनियमितता पाए जाने पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### खारी में शराब पीने के विवाद पर फुफेरे भाई ने की मारपीट

**जबलपुर।** कटंगी थाना अतंर्गत पिता के निधन के बाद आयोजित खारी कार्यक्रम के दौरान शराब पीने को लेकर हुए विवाद में बुआ के लड़के ने अपने ममेरे भाई पर लोहे की पाइप से हमला कर दिया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जटासी निवासी 35 वर्षीय चिन्नू बर्मन अपने पिता स्वर्गीय रघवर बर्मन की खारी उठाने का कार्यक्रम था, जिसमें सामाजिक पत्तल उठाने की रस्म भी चल रही थी। कार्यक्रम के दौरान उसके भाई राजेश बर्मन, रिश्तेदारों तथा बुआ के बेटे संजू बर्मन सहित अन्य लोग मौजूद थे। इसी दौरान उसने कहा कि उसे अभी शराब नहीं पीनी है क्योंकि उसे खाना देने जाना है। उसने सभी को कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न कराने की समझाइश भी दी।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां तेज

**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर आयुष विभाग सक्रिय हो गया है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा 14 जून को सुबह 6:15 बजे से 7:35 बजे तक विशेष ऑनलाइन योग सत्र आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में शामिल होने के इच्छुक नागरिक टोल-फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देकर अपना पंजीयन करा सकेंगे। जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से विभागीय स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इस संबंध में संभागीय आयुष अधिकारी डॉ. अर्चना मरावी ने जबलपुर संभाग के सभी जिलों में संचालित आयुष संस्थाओं के प्रभारी अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को विशेष ऑनलाइन योग सत्र से जोड़ने के लिए प्रेरित करें तथा पंजीयन अभियान को प्रभावी बनाएं।

आमजन, महिलाओं और वरिष्ठजनों की सुरक्षा के लिए आयुध निर्माणी खमरिया की पहल

## जबलपुर पुलिस को मिले 2 बुलेरो और 8 एक्टिवा वाहन

**हरिभूमि, जबलपुर।**



आम लोगों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयुध निर्माणी खमरिया, म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड पुणे की इकाई द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) योजना 2025-26 के तहत जबलपुर पुलिस को 2 महिंद्रा बुलेरो एवं 8 होंडा एक्टिवा वाहन प्रदान किए गए।

मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित सादे समारोह में आयुध निर्माणी खमरिया के मुख्य महाप्रबंधक शैलेश वगेरवाल ने पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय को वाहन सौंपे। यह वाहन महिलाओं, बच्चों, वृद्धजनों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने में उपयोग किए जाएंगे। इस अवसर पर कप्तान उपाध्याय ने आयुध निर्माणी खमरिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिक संसाधनों और वाहनों की उपलब्धता से पुलिस की प्रतिक्रिया क्षमता बढ़ेगी तथा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा। कार्यक्रम में आयुध निर्माणी खमरिया के जनरल मैनेजर अशोक कुमार मीना, सीनियर मैनेजर अविनाश शंकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं पुलिस विभाग की ओर से एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, सीएसपी रांझी सतीश साहू, सीएसपी कैंट उदयभान बागरी, डीएसपी मुख्यालय बीएस गोठरिया, डीएसपी यातायात संतोष शुक्ला, डीएसपी हेमंत, रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे। जबलपुर पुलिस को मिले इन नए वाहनों से शहर में पेट्रोलिंग व्यवस्था और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी होने की उम्मीद जताई जा रही है।

पारा तमतमाया, धरती छोड़ने लगी भाप

## प्री-मानसून बारिश के बाद उमस भड़की

**जबलपुर।** मानसून का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। फिलहाल मंगलवार को हुई प्री-मानसूनी 11 मिलीमीटर बारिश के बाद बुधवार को दिन भर उमस भड़की रही। लेकिन इस बारिश से राहत कम आफत ज्यादा हो गई है। पिछले दो महीनों से तंदूर की भट्टी की तरह तप रही धरती पर पानी की बूंदे पड़ते ही धरती उमस छोड़ने लगती है जिसका असर चिपचिपाहट वाली गर्मी के रुप में सामने आ रहा है। सूर्योदय के बाद तापमान फिर परवान चढ़ने लगा और पारा 40.5 डिग्री के पर रहा। मौसम कार्यालय के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान तेज हवाएं चलने और कहीं कहीं गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। मप्र में मानसून 18 से 20 जून के बीच प्रवेश कर सकता है तब स्थानीय बादलों से ही राहत की उम्मीद की जा सकती है।



### 11.2 मिमी.वर्षा दर्ज

मौसम कार्यालय का कहना है कि जहां तक आसमान में हवा के कम दबाव का क्षेत्र है, वह स्थानीय बादलों से ही बन रहा है। इसलिए फिलहाल छुटपुट वर्षा ही हो सकती है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 67 प्रतिशत और सायंकाल 37 प्रतिशत आंकी गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 42.5 और न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मंगलवार को शाम और रात मिलाकर 11.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 21.1 मिली मीटर दर्ज की जा चुकी है। पश्चिमी हवाऐं 5 से 6 प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान जिले में झंझावत और व्रजपात के साथ हल्की वर्षा की संभावना दर्ज की गई।

सीईआईआर पोर्टल की मदद से 21 लाख रुपये के मोबाइल लौटाए गए धारकों को

## पुलिस ने तलाशे 131 गुम मोबाइल

**हरिभूमि, जबलपुर।**

जबलपुर पुलिस ने साइबर तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए 131 गुम मोबाइल फोन तलाश कर उनके वास्तविक धारकों को वापस सौंपे हैं। बरामद किए गए मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब 21 लाख रुपये बताई गई है।

यह कार्रवाई पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश एवं एएसपी जितेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मोबाइल फोन ट्रेस कर संबंधित आवेदकों को सुपुर्द किए गए। अपने खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर नागरिकों ने जबलपुर पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।




इस अवसर पर पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी का मोबाइल फोन गुम हो जाए तो तत्काल संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराएं तथा सीईआईआर पोर्टल पर पंजीकरण अवश्य कराएं, जिससे मोबाइल को ट्रैक कर बरामद किया जा सके। उन्होंने नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति भी जागरूक रहने की सलाह दी। एसपी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर फ्रॉड का शिकार होता है या संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि नजर आती है, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें अथवा वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराएं। जरूरत पड़ने पर साइबर सेल जबलपुर के हेल्पलाइन नंबर 7701050010 पर भी संपर्क किया जा सकता है। पुलिस ने लोगों से अज्ञात कॉल, लिंक और टेलीग्राम-व्हाट्सएप ग्रुप से सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की फाइल डाउनलोड न करें और बैंक खातों या निजी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति से साझा न करें।

## 25वीं पूर्वी जोन पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जबलपुर।** पुलिस लाइन स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में मंगलवार शाम 25वीं पूर्वी जोन अन्तर्जिला पुलिस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज अतुल सिंह ने पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय की उपस्थिति में किया। प्रतियोगिता में प्रदेश की 22 पुलिस इकाइयों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो आगामी चार दिनों तक विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। मुख्य अतिथि डीआईजी अतुल सिंह ने गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पुलिस की व्यस्त और तनावपूर्ण ड्यूटी के बीच खेलकूद शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है। खेल न केवल ऊर्जा और उत्साह बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 10 जून से 14 जून तक किया जाएगा। इसमें जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, रीवा, सतना, शहडोल सहित 22 इकाइयों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, क्रिकेट, हैंडबॉल, बास्केटबॉल सहित एथलेटिक्स, जूडो, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग और बैडमिंटन जैसी स्पर्धाएं आयोजित होंगी। कप्तान उपाध्याय ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन भोपाल में आयोजित होने वाली मप्र पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता 2026 के लिए किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर वुशु खेल का प्रदर्शन और 100 मीटर दौड़ आयोजित हुई।

मोबाइल हैक करके लगातार बढ़ रहे सायबर क्राईम

## 2 रिटायर्ड कर्मचारियों के खाते से ठगों ने 5 लाख उड़ाए

**जबलपुर।** सायबर क्राईम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मोबाईल हैक करने के मामले आम हो गए हैं। न कोई लिंक क्लिक की न ही कोई ओटीपी शेयर की, और दो लोगों के खाते से लगभग 5 लाख निकल गए। लार्डगंज थाना क्षेत्र के दो निवासी इस तरह की धोखाधड़ी के शिकार हुए। पुलिस दोनों मामलों में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।

लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदीश मंदिर गढ़ा फाटक निवासी 41 वर्षीय जीसीएफ फैक्ट्री कर्मचारी नितिन साह का पंजाब नेशनल बैंक जवाहर गंज शाखा में खाता है। गत 31 मई की शाम 5 बजे उसने अपनी बेटी की सुकन्या योजना में भुगतान के लिये अपने एकाउण्ट को चेक किया जिसमें 33 हजार रूपये बचे थे जबकि उसके अकाउण्ट में पहले से लगभग 3 लाख 17 हजार रूपये थे। उसी समय उसने आनलाईन अपने मोबाइल से पासबुक चैक किया जिसमें 27 मई से 29 मई के बीच उसके अकाउण्ट से तीन बार में कुल 2 लाख 82 हजार रूपये अज्ञात जालसाज के द्वारा धोखाधड़ी कर निकाले गये। इसी प्रकार पीडब्ल्यूडी विभाग से रिटायर्ड लार्डगंज निवासी 63 वर्षीय आनंद जायसवाल का ईडीएफसी फर्स्ट बैंक करमेता में अकाउण्ट है और उसकी मॉ कला जायसवाल व उसका ज्वाइंट अकाउण्ट बैंक आफ इंडिया में खाता है। मां का यूको बैंक राईट टाउन शाखा में खाता है उसकी पत्नी श्रीमति माया जायसवाल का यूको बैंक राईट टाउन में खाता है। मॉ कला जायसवाल का पेंशन अकाउण्ट खाता आशीर्वाद मार्केट जबलपुर में है। सभी बैंक के खातों में उसका मोबाइल नम्बर लिंक है इसी नम्बर में सभी बैंक से मैसेज आते हैं। अज्ञात जालसाज द्वारा उसका मोबाइल हैक कर 9 मई से 9 जून के बीच उसके एवं उसकी मॉ कला जायसवाल एवं पत्नी माया जायसवाल के बैंक खातों से 2 लाख 13 हजार 478 रूपये आनलाईन धोखाधड़ी कर अज्ञात जालसाज ने अन्य खाते में ट्रांसफर कर लिये हैं। पुलिस ने अज्ञात जालसाजों के विरूद्ध धारा 318(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## हाईकोर्ट ने निराकृत की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका

### युवती के बयान को सुना, पति के साथ रहने किया स्वतंत्र

**जबलपुर** । मप्र हाईकोर्ट ने बेटी को बंधक बनाकर रखे जाने का आरोप लगाने वाले पिता द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का निराकरण कर दिया। सुनवाई के दौरान जस्टिस जीएस अहलूवालिया व जस्टिस दीपक खोत की डिवीजन बेंच के समक्ष पेश हुई युवती ने अपने बयान में साफ किया कि जिस युवक पर उसे बंधक बनाने का आरोप लगाया गया है, वह उसका पति है और उसने अपनी इच्छा से उससे विवाह किया है। दरअसल, मऊगंज निवासी गोविंद कुशवाहा की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में आरोप लगाया गया था कि उनकी बेटी को शिव कुमार कुशवाहा ने बंधक बना रखा है। पुलिस शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं कर रही है। हाई कोर्ट ने तर्क सुनने के बाद युवती को पेश करने के निर्देश दिए थे। जिसके पालन में लौर थाना पुलिस युवती को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया। 23 वर्षीय युवती ने बताया कि वह बालिग है, उसे किसी ने बंधक नहीं बनाया है और उसने स्वेच्छा से विवाह किया है। उसने कहा कि वह अपने पति के साथ रहना चाहती है। कोर्ट ने कहा कि बालिग महिला को अपनी इच्छा के अनुसार जीवन जीने और जीवनसाथी चुनने का पूर्ण अधिकार है। चूंकि युवती ने स्वतंत्र रूप से पति के साथ रहने की इच्छा व्यक्त की है, इसलिए उसे उसके पति के साथ रहने दिया जाए। इसी के साथ कोर्ट ने याचिका का निराकरण कर दिया।

# जिस पर बंधक बनाने का आरोप लगा, वह पति निकला

### मैट्रीमोनियल ऐप से प्रेमजाल, शादी से इनकार, अग्रिम जमानत नहीं

**मप्र हाईकोर्ट ने मैट्रीमोनियल ऐप के जरिए युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और बाद में 15 लाख रुपये की मांग करने के आरोपी देवेन्द्र सिंह को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस देवनारायण मिश्रा की सिंगल बेंच ने आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त कर दी।** राजधानी भोपाल निवासी युवती ने आरोप लगाया कि मैट्रीमोनियल ऐप पर पहचान के बाद आरोपित ने शादी का भरोसा देकर दिल्ली बुलाया और शारीरिक संबंध बनाए। बाद में सगाई होने के बावजूद उसने शादी से इनकार कर दिया। यही नहीं 15 लाख रुपये की मांग की। बचाव पक्ष ने दहेज मांग से इनकार करते हुए कहा कि राशि डेस्टिनेशन वेडिंग के खर्च से संबंधित थी। हालांकि सुनवाई में यह भी सामने आया कि आरोपित के विरुद्ध हरियाणा के हिसार में धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। कोर्ट ने आरोपों की गंभीरता और आरोपी के आपराधिक रिकार्ड को देखते हुए अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया।

### आरटीओ कांस्टेबल सौरभ शर्मा की अस्थायी जमानत पर आदेश सुरक्षित

मप्र हाईकोर्ट ने बहुचर्चित आरटीओ भ्रष्टाचार व मनी लान्ड्रिंग मामले के आरोपी परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की 60 दिन की अस्थायी जमानत अर्जी पर अपना आदेश सुरक्षित कर लिया है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच के समक्ष बुधवार को दोनों पक्षों की दलीलें पूरी हो गईं। सौरभ शर्मा ने पत्नी की प्रस्तावित सर्जरी और दो नाबालिग बच्चों की देखभाल का हवाला देते हुए 60 दिन की अस्थायी जमानत मांगी है। याचिका में कहा गया है कि पत्नी दिव्या तिवारी को नाक संबंधी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हैं और आपरेशन के दौरान उनकी देखभाल के लिए पति की उपस्थिति आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले जिला अदालत और हाई कोर्ट दोनों उसकी नियमित जमानत अर्जियां निरस्त कर चुके हैं। वहीं, जांच एजेंसियों का कहना है कि सौरभ शर्मा से जुड़े आर्थिक नेटवर्क में कई रिश्तेदार और सहयोगी शामिल रहे हैं। ऐसे में परिवार की देखभाल के लिए अन्य किसी व्यक्ति के उपलब्ध न होने के दावे पर भी सवाल उठ रहे हैं। हाई कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है।





# हरि चर्चा और गुरु पूजन का आयोजन

**जबलपुर**। पावन अधिकमास के अवसर पर गोहलपुर स्थित दुर्गा मंदिर के पीछे अमखेरा रोड पर श्री श्याम सुन्दर महिला मंडल द्वारा एक दिवसीय संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सत्यनारायण कथा, श्री हरि चर्चा, गुरु पूजन और दीपदान शामिल थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और धर्म लाभ अर्जित किया। भागवताचार्य परम पूज्य अनुरुद्ध मिश्रा (गुरु जी) ने संगीतमय शैली में कथा वाचन करते हुए भक्ति, सेवा और सत्कर्म का महत्व समझाया।आयोजन के दौरान रुद्राभिषेक, संगीत कीर्तन, फूलों की होली, 56 भोग, महाभोग, महाआरती और भंडारे का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने हरि नाम संकीर्तन में भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया और गुरु पूजन एवं दीपदान कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर नीतू ठाकुर, मोनीका ठाकुर, दीप माना चौरसीया, सुनीता केवट, ऊषा केवट, मीरा शर्मा, सुरेद सिंग चौहान (गनू), रौशन कनौजिया, भव्या सेन, सौरब कनौजिया, अर्जून गुप्ता, नितु गुप्ता, रिंकू असाटी उपस्थित रहे।

# पत्नी के प्रेमी संग चले जाने से आहत युवक मोबाइल टावर पर चढ़ा

### तीन घंटे चला हाई वोल्टेज ड्रामा



**सिहोरा**। थाना क्षेत्र के ग्राम मोहला में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक अपनी पत्नी के कथित रूप से प्रेमी के साथ चले जाने से आहत होकर हाईवे किनारे स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई और कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार लल्लू कुशवाहा (35) निवासी मोहला पारिवारिक विवाद और पत्नी के घर छोड़कर चले जाने से परेशान था। वह दोपहर में नहर किनारे स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया और घंटों तक वहीं बैठा रहा। सूचना मिलने पर सिहोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस और ग्रामीणों की करीब तीन घंटे की समझाइश के बाद युवक सुरक्षित रूप से नीचे उतरने को राजी हुआ। पुलिस ने उसे सुरक्षित नीचे उतारकर पूछताछ की। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। पुलिस के अनुसार युवक पारिवारिक तनाव के कारण मानसिक रूप से परेशान था, जिसे समझाइश देकर शांत कराया गया। घटना के दौरान कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित हुआ।



### मझौली में भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का भव्य स्वागत

**मझौली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के सफल कार्यकाल के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के तहत मध्य प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का मझौली आगमन हुआ, जहाँ भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। नगर के विष्णु वराह मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में संकीर्तन और आरती का आयोजन किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। पवन पाटीदार ने कहा कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है और कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# अमृत फेज़-2 के कार्यों को शीघ्र पूरे करने निगमायुक्त के निर्देश




**जबलपुर**। नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अमृत फेज़ 2.0 के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता दोनों पर विशेष जोर देते हुए निर्माण कंपनियों और ठेकेदारों को स्पष्ट और कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार द्वारा समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि पाइपलाइन बिछाने के बाद प्रभावित हुई सड़कों के री-स्टोरेशन अर्थात सड़क मरम्मत के कार्यों को तेज गति से पूर्ण किया जाए। उन्होंने शहर की दो उच्च स्तरीय पानी की टंकियों का निर्माण कार्य भी शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि समय-सीमा के भीतर काम पूरा न होने और गुणवत्ता में किसी भी तरह का समझौता पाए जाने पर संबंधित एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।समीक्षा बैठक में अशफाक परवेज कुरैशी अपर आयुक्त,कमलेश श्रीवास्तव अधीक्षण यंत्री,राजेश खंपरिया सहायक यंत्री अंकुर नाग व अन्य तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।



## आशा मांझी दर्शनी की सरपंच निर्वाचित

**सिहोरा**। रिक्त हुए ग्राम पंचायत दर्शनी के सरपंच पद के निर्वाचन हेतु आयोजित हुए ग्राम पंचायत के पंचो के सम्मेलन में कुल 19 पंचो ने मतदान किया। जिसमें आशा बाई मांझी को 13 वोट एवं रोहित तिवारी को 6 वोट प्राप्त हुए इस प्रकार आशा बाई मांझी को ग्राम पंचायत दर्शनी की सरपंच निर्वाचित किया गया। ज्ञात हो विगत दिनों अपने पद का दुरुपयोग करते हुए पंचायत में किये गये निर्माण कार्यों हेतु पंचायत की राशि का भुगतान अपने नाम रिस्तेदारो को किया जाने पर म.प्र. पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 में निहित प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन होने से उन्हें अपने कर्तव्यों के निर्वहन में अवचार का दोषी पाये जाने पर सुमित राय को दर्शनी के सरपंच पद से म.प्र. पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 (क) (ख) के तहत तत्काल प्रभाव से पृथक करने के आदेश न्यायालय विहित प्राधिकारी,मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी किया गया था।




## प्रत्याशी मीनाक्षी का नामांकन निरस्त होने के खिलाफ कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

**सिहोरा**। राज्यसभा सांसद प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन के नामांकन फार्म निरस्त होने के विरोध में जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव के निर्देशन पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी पटेल एवं नगर कांग्रेस कमेटीअध्यक्ष पवन सोनी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन एस डी एम कार्यालय प्रागण में किया गया। आयोजन अमोल चौरसिया के मुख्य आतिथ्य,मंजू मिश्रा की अध्यक्षता,बाबा कुरैशी, नवनीत शुक्ला, घनश्याम बडगैया, मनीष खम्परिया के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा असंवैधानिक तरीके से नटराजन का नामांकन निरस्त करना लोकतंत की हत्या है इस कृत्य से चुनाव आयोग की रही सही शाख भी समाप्त हो गई है। कार्यक्रम अध्यक्ष ने कहा कि मीनाक्षी के साथ हुई घटना सम्पूर्ण महिला जाती का अपमान है इस कृत्य से भाजपा का महिला विरोधी चेहरा उजागर हुआ है। इस अवसर पर रमेश पटेल,के के दुबे,मनीष शुक्ला,गुल्लू खान,डब्बू पाठक,उमा कांत चौरसिया,जितेन्द्र तिवारी,ओम नारायण श्रीवास्तव,साकेत पिड़िहा सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थिति थे।

### अध्यात्म विज्ञान ज्ञान यज्ञ सम्मेलन कल से

**बरेला**। प्रतिवर्षा अनुसार इस वर्ष भी 12 जून से 14 जून तक अध्यात्म विज्ञान साला उपकेद्र में तीन दिवसीय अध्यात्म विज्ञान ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है ।योग युक्ति ओंकारेश्वर से पधार रहे जगतगुरु स्वामी उमाशंकर चैतन्य द्वारा दिव्य दृष्टि सहित ज्ञान, कर्म, भक्ति, मुक्ति यादि पर उपदेश होंगे।अध्यात्म विज्ञान मंडल बरेला ने सभी धर्म प्रेम बंधुओ से सत्संग का लाभ लेने की अपील की है।

## गोसलपुर अप ट्रेक पर झाड़ियों में मिली लाश

**जबलपुर**। पनागर थाना अतंर्गत अप ट्रेक गोसलपुर से देवरी के बीच झाड़ियों में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अप ट्रेक गोसलपुर से देवरी के बीच झाड़ियों में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला, जिसकी उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष की बताई गई है। देवरी रेलवे स्टेशन प्रबंधक 45 वर्षीय दिनेश काछी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए अज्ञात मृतक की शिनाखतगी के प्रयास जारी हैं। प्रारम्भिक जांच में ट्रेन से गिरने से चोटें आने से मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है।

### विश्व नेत्रदान दिवस पर जागरूकता परिचर्चा

# नेत्रदान से दो जीवन में लौट सकती है रोशनी




**जबलपुर**। विश्व नेत्रदान दिवस के अवसर पर नेत्रदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आईएमए भवन में जबलपुर डिवीजनल ओफ्थलमिक सोसाइटी के सहयोग से नेत्र चिकित्सकों की विशेष परिचर्चा आयोजित की गई।

कार्यक्रम में आईएमए अध्यक्ष डॉ. ऋचा शर्मा, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन स्थापक, मेडिकल कॉलेज नेत्र बैंक की डॉ. पद्मिनी वरकड़े एवं डॉ. राजेन्द्र बिसेन सहित अनेक विशेषज्ञ उपस्थित रहे। परिचर्चा में विशेषज्ञों ने कॉर्निया प्रत्यारोपण की उपयोगिता और इससे दृष्टिहीनता दूर करने के लाभों पर प्रकाश डाला। डॉ. पवन स्थापक ने बताया कि अब तक उनके द्वारा लगभग 2000 कॉर्निया प्रत्यारोपण किए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि नेत्रदान में संपूर्ण नेत्र नहीं, बल्कि केवल कॉर्निया का उपयोग किया जाता है, जिससे कॉर्नियल अंधत्व से पीड़ित मरीजों की दृष्टि वापस लाई जा सकती है।आईएमए अध्यक्ष डॉ. ऋचा शर्मा ने समाज की प्रतिष्ठित हस्तियों से नेत्रदान का संकल्प लेकर लोगों को प्रेरित करने की अपील की तथा "एक परिवार, एक नेत्रदान" अभियान को जनआंदोलन बनाने पर जोर दिया। विशेषज्ञों ने कहा कि मृत्यु उपरांत एक नेत्रदाता दो लोगों के जीवन में रोशनी ला सकता है। अंत में नेत्रदान क्षेत्र में कार्यरत चिकित्सकों का सम्मान किया गया और आमजन से नेत्रदान जागरूकता अभियान में सहभागी बनने की अपील की गई।



# इमरती तालाब के घेर में जमे अतिक्रमण हटाए गए

**जबलपुर**। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर पंडा की मढिया से लेकर इमरती तालाब तक के पूरे मार्ग के अतिक्रमण हटाए गए। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करना और जल स्त्रोतों के आसपास फैले अवैध कब्जों को हटाना है। नगर निगम की इस कार्रवाई के दौरान छोटे व्यवसायियों के रोजगार का भी ध्यान रखा गया है, उन्हेंकछपुरा हॉकर जोन में दुकानों को लगाने समझाइश दी गई। इस कार्रवाई से पंडा की मढिया से इमरती तालाब मार्ग पर राहगीरों और वाहन चालकों को जाम से मुक्ति मिलेगी। निगमायुक्त ने कहा कि जल संरक्षण करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने ने आम नागरिकों और व्यापारियों से सहयोग की अपील की है ताकि शहर को साफ, सुंदर और यातायात के लिहाज से सुरक्षित बनाया जा सके। कछपुरा हॉकर जोन में दुकानें शिफ्ट होने से क्षेत्र में एक व्यवस्थित बाजार का स्वरूप विकसित होगा।



फोटो जीएम 10

# पहली बारिश में नालियां चौक नागरिक खुद कर रहे सफाई

**बरेला**। नगर परिषद द्वारा बारिश से पहले नालियों और नालों की सफाई का दावा किया गया था, लेकिन बारिश की पहली ही खेप में नगर परिषद के दावे की पोल खुल गई। वार्ड नंबर 7 के निवासी बलराम चक्रवर्ती ने बताया कि उनके घर के सामने नाली पूरी तरह चौक हो गई है और इसमें कचरा जम गया है, जिससे ओवरफ्लो की समस्या उत्पन्न हो रही है।बलराम ने आरोप लगाया कि नगर परिषद के कर्मचारी केवल सड़क झाड़ू लगाते हैं और नालियों की सफाई की ओर ध्यान नहीं देते, इसलिए नागरिक खुद ही सफाई कार्य में जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा सफाई कर्मचारियों के काम की कोई मॉनिटरिंग नहीं की जाती। नगर परिषद का दावा है कि बारिश से पहले सभी नाले साफ कर दिए गए हैं, लेकिन आने वाले दिनों में जब बारिश का दौर पूरी तरह शुरू होगा, तब वास्तविक स्थिति सामने आएगी।

## निधन




**श्री नन्हें लाल-** गौराव तालाब इंद्रा बस्ती रतन नगर निवासी श्री नन्हें लाल (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती प्रभुता बारी-** काचंघर समीक्षा टाउन निवासी श्री संतोष बारी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभुता बारी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश राजपूत-** करियापाथर आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री राकेश राजपूत (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आशा पांडे-** होम साईंस कॉलेज रोड नेपियर टाउन निवासी श्री दिनेश कांत पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती आशा पांडे (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**डॉ. मातेंद्र सिंह-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी डॉ. मातेंद्र सिंह (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती कपूरा बाई विश्वकर्मा-** लेबर चौक स्नेह नगर गढ़ा रोड निवासी श्री हरि कृष्ण विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कपूरा बाई विश्वकर्मा (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रमोद कुमार राव-** बिलहरी पोस्ट आफिस के पीछे निवासी श्री सुरेश कुमार राव के पुत्र श्री प्रमोद कुमार राव (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती माया श्रीवास-** गली नं. 18, सदर निवासी श्री शंकर लाल श्रीवास की धर्मपत्नी श्रीमती माया श्रीवास (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामरति कुशवाहा-** बेहना मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री श्याम लाल कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती रामरति कुशवाहा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती कौशल्या शर्मा-** विजय नगर छापर रामपुर निवासी श्री नाथूराम शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या शर्मा (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती देवकी बाई झारिया-** महाराजपुर निवासी श्री जमना प्रसाद झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती देवकी बाई झारिया (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

# अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण को भी दी मंजूरी

## केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 7 संकल्प पारित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में बुधवार को अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के फेज -2(ए) को मंजूरी दे दी। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि शहरी परिवहन को सुगम और आधुनिक बनाने के लिए कैबिनेट ने 'अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के चरण 2ए' को भी अपनी मंजूरी दे दी है। इस नए विस्तार के तहत 6.032 किमी लंबा नया मेट्रो कॉरिडोर तैयार किया जाएगा। यह परियोजना मौजूदा अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो गलियारे के साथ जुड़ेगा।

### ब्याज सहित इस मेट्रो परियोजना की अनुमानित लागत 2,169.04 करोड़ रुपए आएगी

6.032 किमी लंबा नया मेट्रो कॉरिडोर तैयार

मौजूदा अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो गलियारे के साथ जुड़ेगा



अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना

### पांच नए मेट्रो स्टेशन होंगे

फेज-2(ए) में चार एलिवेटेड और एक भूमिगत स्टेशन होगा। नया मार्ग शुरू होने के बाद, अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई 77.63 किमी हो जाएगी। परियोजना के तहत प्रस्तावित स्टेशन -आश्रम रोड, कोटेश्वर प्राचीन मंदिर, साबरमती नदी, सरदार नगर और एयरपोर्ट होंगे। ब्याज सहित इस पूरी परियोजना की अनुमानित लागत 2,169.04 करोड़ रुपए है। इस दौरान करीब 2,000 लोगों को रोजगार मिलेगा और प्रणाली के संचालन और रखरखाव के दौरान 500 लोगों के काम मिलने की संभावना है।



### अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए विशेष जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक निर्वाचित पीएम के रूप में सबसे लंबी अवधि तक पद पर रहने का नया रिकॉर्ड कायम किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को रेखांकित करते हुए आज हुई कैबिनेट की बैठक में बाकायदा एक प्रस्ताव भी पारित किया गया है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से पीएम मोदी ने 'सात संकल्प' पेश किए हैं, जिनमें डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, स्टार्टअप इंडिया, नवाचार और उद्यमिता पर विशेष जोर दिया गया है।

## अमरावती में केंद्रीय कार्यालय की मंजूरी

आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती में केंद्रीय सरकारी जनरल पूल कार्यालय आवास (सीजीजीपीओ) के निर्माण को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना विभिन्न केंद्रीय सरकारी कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थापित करने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है।



### 5.53 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा

यह कार्यालय परिसर 5.53 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा और इसमें दो प्रमुख ब्लॉक बनाए जाएंगे। एक ब्लॉक प्लॉट सी-9 पर ग्राउंड प्लस 13 मंजिलों का होगा, जबकि दूसरा ब्लॉक प्लॉट सी-8 पर ग्राउंड प्लस 10 मंजिलों का बनाया जाएगा।

### केंद्रीय कर्मचारियों के लिए आवासीय योजना

अमरावती में जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन (जीपीआरए) के निर्माण को स्वीकृति दे दी है। इसका उद्देश्य पर्याप्त आवासीय सुविधा प्रदान करके केंद्र सरकार के कर्मचारियों पर वित्तीय बोझ कम करना है। जीपीआरए कैंपस 17 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। इस परियोजना में टाइप 2 से टाइप 6 तक की 1,504 आवासीय इकाइयों वाले 11 आवासीय टावर शामिल हैं, जिनमें रिफ्यूज एरिया भी शामिल हैं। परियोजना में 1,972 समतुल्य कार पार्किंग स्थान (ईसीएस) की क्षमता वाली बेसमेंट पार्किंग सुविधा उपलब्ध है। परियोजना का कुल निर्मित क्षेत्र 31.30 लाख वर्ग फुट (2,90,762 वर्ग मीटर) है।

## खबर संक्षेप

### मोदी-नेहरू की तुलना उचित नहीं: शरद पवार



**मुंबई।** एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र के भाजपा मंत्री गिरीश महाजन की कड़ी आलोचना की है। महाजन ने ऑपरेशन ब्लू स्टार को लेकर पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के खिलाफ टिप्पणी की थी। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की तुलना जवाहरलाल नेहरू से करने पर भी आपत्ति जताई और कहा कि ऐसा करना बिल्कुल भी उचित नहीं है।

### एल्विश यादव ने बनाई खरगोश जनता पार्टी



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर हमेशा सक्रिय रहने वाले एल्विश यादव ने अपनी राजनीतिक पार्टी 'खरगोश जनता पार्टी' बना ली। उन्होंने इसे नारा भी दिया- तेज दिमाग, लंबे कान, सबका विकास गाजर के साथ। एल्विश ने पार्टी का ऑफिशियल पेज भी उन्होंने बना दिया है। उनके पेज पर 2 घंटे में ही 3,213 फॉलोअर्स भी हो गए

### भारतराजा को सीएम विजय ने दी श्रद्धांजलि



**चेन्नई।** बुधवार सुबह तमिल सिनेमा के दिग्गज निर्देशक भारतीराजा का निधन हुआ। सीएम विजय ने निर्देशक भारतीराजा को श्रद्धांजलि दी, उनके अंतिम दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीराजा का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भी दुख जताया।

### पीएम बाल पुरस्कार 2026 के लिए मांगे नामांकन



**नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर रहा है। इस पुरस्कार के लिए आवेदन 1 अप्रैल 2026 से आरंभ हुए थे और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। सभी प्रविष्टियां पोर्टल पर जमा कराई जा सकती हैं।

## सोनिया गांधी ने फोन करके ममता बेनर्जी को दिया बड़ा ऑफर

# कांग्रेस में करें टीएमसी का विलय, देंगे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का पद, ऋतब्रत बोले- ऐसा नहीं होने देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में करारी हार ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को खत्म करने की कगार पर पहुंचा दिया है। ममता बेनर्जी के 80 विधायकों में से 58 विधायकों ने अपना अलग गुट तैयार कर लिया और उसके बाद दिल्ली में भी करीब 20 सांसद टीएमसी से अलग हो गए। इस बीच कांग्रेस की सुप्रीम लीडर सोनिया गांधी ने टीएमसी अध्यक्ष ममता बेनर्जी को बड़ा ऑफर दिया है। सोनिया गांधी ने ममता बेनर्जी को टीएमसी के कांग्रेस में विलय का ऑफर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, सोनिया गांधी ने ममता से कहा है कि वो टीएमसी का विलय कर दें, इसके बदले में उन्हें कांग्रेस का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके अलावा उनके भतीजे और सांसद अभिषेक बेनर्जी को भी पार्टी महासचिव का पद दिया जाएगा। हालांकि, दोनों पक्षों ने इस मुलाकात के एजेंडे या चर्चा के विषयों का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया है। वहीं, संभावित विलय को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच निष्कासित नेता ऋतब्रत बेनर्जी ने ऐसी किसी संभावना से इनकार किया है। उनका कहना है कि पार्टी के विधायक, सांसद और स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधि कांग्रेस में जाने के पक्ष में नहीं हैं, इसलिए विलय की अटकलों का कोई आधार नहीं है।

अभिषेक बेनर्जी को महासचिव बनाया जाएगा

बागी गुट बोला- कांग्रेस में जाने को तैयार नहीं



इंडिया ब्लॉक की बैठक में सोनिया गांधी और ममता बेनर्जी

### ममता ने मांगा समय

सूत्रों के मुताबिक, सोनिया गांधी ने ममता बेनर्जी को प्रस्ताव दिया है कि टीएमसी पर भाजपा के राजनीतिक हमलों को देखते हुए उन्हें अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए, वरना भाजपा उन्हें भी आम आदमी पार्टी की तरह परेशान करेगी। सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी ने खुद उन्हें फोन किया था। सूत्रों ने बताया कि ममता बेनर्जी ने इस पर फ़ैसला करने के लिए कुछ दिन

### न तो सांसद जा रहे हैं और न ही विधायक

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता और तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित नेता ऋतब्रत बेनर्जी ने टीएमसी और कांग्रेस के संभावित विलय की चर्चाओं को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि न तो टीएमसी की विधायक दल कांग्रेस में शामिल हो रही है और न ही पार्टी के सांसदों, नगर निकायों या पंचायतों के प्रतिनिधियों के बीच ऐसा कोई रुझान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विधायकों की संख्या 64 है और यह बढ़ने की उम्मीद है। ये लोग आएंगे और विधानसभा अध्यक्ष को एक पत्र सौंपेंगे। संसद में जो सांसद हैं, उनमें से दो-तिहाई से अधिक भी कांग्रेस में विलय नहीं हो रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कौन किसके साथ विलय कर रहा है?



### राहुल-अभिषेक के बीच मुलाकात

इसी बीच बुधवार को टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बेनर्जी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। 10 जनपथ पर हुई ये मुलाकात करीब डेढ़ घंटे तक चली। दोनों नेताओं के बीच ये मुलाकात फायदेमंद रही है। इसमें

### आज कांग्रेस ने बुलाई बड़ी बैठक

सोनिया गांधी के ममता बेनर्जी को दिए गए ऑफर के बीच कांग्रेस ने बड़ी बैठक बुलाई है। केसी वेणुगोपाल ने बताया कि 11 जून को इंदिरा भवन में एआईसीसी महासचिव, प्रभारी और प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की बैठक होगी। इस बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे।

## 58 विधायक, 2 राज्यसभा सांसद हुए अलग

# टीएमसी के 19 बागी लोकसभा सांसदों में शत्रुघ्न और यूसुफ भी



यूसुफ, सायानी घोष, शत्रुघ्न सिन्हा

ममता बेनर्जी की टीएमसी में लगातार टूट जारी है। काकोली घोष के नेतृत्व वाले टीएमसी बागी गुट ने 19 लोकसभा सांसदों के नाम की सूची जारी कर दी। इसमें ममता की करीबी मानी जाने वाली जादवपुर से सांसद सायोनी घोष, यूसुफ पठान और शत्रुघ्न सिन्हा का भी नाम शामिल है। वहीं बुधवार को राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने भी पार्टी और पद से इस्तीफा दे दिया। पिछले 3 दिनों में टीएमसी के दो राज्यसभा सांसद पार्टी छोड़ चुके हैं। इसके बाद टीएमसी के लोकसभा में 28 में से 20 सांसद और राज्यसभा में 13 में से 2 सांसद यानी कुल 22 सांसद टूट चुके हैं। 80 में से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं।

### सुष्मिता देव ने भी दिया इस्तीफा, सीएम हिमंत से मिलीं

सुष्मिता देव ने टीएमसी और राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस बड़े फैसले के बाद उन्होंने बुधवार को दिल्ली में असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की। उन्होंने इस मुलाकात को सिर्फ एक शिष्टाचार भेंट बताया। उन्होंने कहा कि वह फिलहाल राजनीति से छोटा सा ब्रेक ले रही हैं। इसके बाद ही वह अपने भविष्य के बारे में कोई फैसला लेंगी। उन्होंने त्यागपत्र का कारण निजी बताया है। उन्होंने कहा कि वह असम की रहने वाली हैं और अब पूरी तरह स्वतंत्र हैं।



### सयानी घोष और माला राय भी हुईं बागी

टीएमसी की सबसे मुखर और तेज-तर्रार सांसदों में से एक सयानी घोष ने अब बगावती सुर अपना लिए हैं। अपनी पार्टी प्रमुख ममता बेनर्जी की तारीफों के पुल बांधने वाली और विरोधियों पर तीखे तीर चलाने वाली सयानी घोष अब बागी खेमे में शामिल हो चुकी हैं। जादवपुर से सांसद सयानी घोष अब उन 20 सांसदों के गुट में शामिल हो गई हैं, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में टीएमसी की करारी हार के ठीक एक महीने बाद संसद में एक अलग गुट बनाने की मांग की है। लोकसभा सांसद काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व में इन 20 सांसदों ने सोमवार को लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर एनडीए को समर्थन देने की पेशकश की है। ममता बेनर्जी की बेहद करीबी मानी जाने वाली एक और सांसद माला रॉय भी दिल्ली पहुंचकर इस बागी खेमे में शामिल हो गई हैं।

**सीएम शुभेंदु ने किया विभागों का बंटवारा**

## दिलीप को ग्रामीण विकास, निशीथ को जलसंसाधन का जिम्मा

पश्चिम बंगाल सरकार ने मंगलवार को मंत्रियों के विभागों का औपचारिक बंटवारा करते हुए नई अधिसूचना जारी की। निशीथ प्रामाणिक को उत्तर बंगाल विकास और जल संसाधन जांच एवं विकास विभाग, अशोक किरतानिया को खाद्य एवं आपूर्ति तथा सहकारिता विभाग, दिलीप घोष को पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा कृषि विपणन विभाग दिया गया है। वहीं खुदीराम टुडू को आदिवासी विकास, अल्पसंख्यक मामले और मदरसा शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी मिली है।

### सीएम के पास रहेगा गृह

सीएम अधिकारी को गृह एवं पर्वतीय मामले, भूमि एवं भूमि सुधार, शरणार्थी राहत एवं पुनर्वास, बिजली, सूचना एवं संस्कृति तथा कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा जिन विभागों का आवंटन अन्य मंत्रियों को नहीं किया गया है, वे भी सीएम के पास रहेंगे। 1 जून को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में कुल 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई गई थी।

## जज के परिवार पर हमले का मामला

# शीर्ष कोर्ट की टिप्पणी- कोई भी जज फैसला नहीं सुना पाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने जजों और उनके परिवारों को मिल रही धमकियों और उन पर हो रहे हमलों पर चिंता जाहिर की है। यह चिंता खासकर बॉम्बे हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस जीएस पटेल और उनके परिवार को मिल रही धमकियों की खबरों के बाद जताई गई है। जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस संजीव सचदेवा की बेंच ने कहा कि ऐसी घटनाएं न्याय व्यवस्था पर चोट करती हैं और जजों को निडर होकर अपने कर्तव्यों का पालन करने से



रोक सकती हैं। बेंच ने कहा कि अगर जजों को अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए इस तरह डराया-धमकाया जाता है, तो न्याय व्यवस्था पर इसके गंभीर परिणाम होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपने अखबारों में पढ़ा होगा कि बॉम्बे हाई कोर्ट के एक रिटायर्ड जज को तरह-तरह की धमकियां मिल रही हैं।

## आशुतोष महाराज आरोपों से पलटे

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर दबाव में फर्जी एफआईआर की

एजेंसी ▶▶ मथुरा

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दो बटुकों से यौन शोषण का केस दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज अपने आरोपों से पीछे हट गए हैं। उन्होंने फेसबुक पर एक वीडियो जारी कर कहा कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास ने दबाव बनाकर उनसे अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने दावा किया कि उन्हें गुमराह कर इस मामले में शामिल किया गया। साजिश में कुछ



आशुतोष महाराज अविमुक्तेश्वरानंद

अधिकारी भी शामिल थे। उनके पास इससे जुड़े सबूत और वॉट्सएप चैट मौजूद हैं। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करेंगे और बताएंगे कि उन्हें इस विवाद में क्यों और कैसे शामिल किया गया। उन्होंने रामचंद्र दास पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसे कुकर्मी कहा।

**नीट प्रबंधन पर संसदीय समिति ने की बैठक**

# एनटीए डीजी, उच्च शिक्षा सचिव और एनएमसी अधिकारियों से मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट परीक्षा के संचालन और उससे जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संसद की निगरानी लगातार बढ़ रही है। इसी क्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें नीट परीक्षाओं के संचालन पर चर्चा की गई। समिति की अध्यक्षता वरिष्ठ सांसद राम गोपाल यादव ने की। बैठक का विषय 'राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) अधिनियम, 2019 के तहत नीट परीक्षाओं का संचालन' था। यह चर्चा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन नियामक संस्थाओं की संरचना, जिम्मेदारियों और कार्यप्रणाली की समीक्षा के तहत की गई।

### अधिकारियों ने दिया प्रजेंटेशन



रामगोपाल यादव

बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी, एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह तथा राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के वरिष्ठ अधिकारियों ने समिति के समक्ष अपना पक्ष रखा। समिति ने नीट परीक्षा के संचालन, परीक्षा प्रबंधन और नियामक संस्थाओं की कार्यप्रणाली से जुड़े पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की।

### गड़बड़ियां रोकने पर की चर्चा

समिति ने नीट परीक्षाओं में बार-बार सामने आ रही गड़बड़ियों व पेपर लीक के मुद्दों को रोकने के उपायों पर जानकारी ली नीट परीक्षा को फुलप्रूफ बनाने को लेकर पूर्व में दी गई समितियों के सुझावों को भी परखा।

**विकसित भारत के लिए समावेश मानव विकास की रहेगी थीम**

# पीएम आज करेंगे नीति आयोग की 11वीं बैठक की अध्यक्षता

## रोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता पर होगी गहन चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन कल्चरल सेंटर में नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक विकसित भारत 2047 के लिए समावेशी मानव विकास थीम पर होगी। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीएम, केंद्र शासित प्रदेशों के उप-राज्यपाल और प्रशासक, पदेन सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर केंद्रीय मंत्री, साथ ही नीति आयोग के उपाध्यक्ष शामिल होंगे।



### स्वास्थ्य और पोषण पर भी देंगे ध्यान

बैठक में नौकरियों, कौशल और विकास के नतीजों पर खास ध्यान दिया जाएगा। उद्यमिता को बढ़ावा देने, स्किलिंग की कोशिशों को मजबूत करने और पूरे देश में टिकाऊ रोजगार के मौके पैदा करने के उपायों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। साथ ही बुनियादी मानव पूंजी और भविष्य के लिए जरूरी कौशल। उत्पादक रोजगार और उद्यमिता। स्वास्थ्य और पोषण। सभी के लिए समानता और सम्मान पर भी चर्चा होगी।

### राज्य की योजनाओं पर भी होगा जोर

इस चर्चा में राज्य-स्तर की विकास योजनाओं को समावेशी मानव विकास के व्यापक राष्ट्रीय विजन के साथ जोड़ने पर भी ध्यान दिया जाएगा। गवर्निंग काउंसिल से यह भी उम्मीद है कि वह 26 से 28 दिसंबर, 2025 तक आयोजित मुख्य सचिवों के 5वें राष्ट्रीय सम्मेलन से निकली सिफारिशों की समीक्षा करेगी।

## एनडीए की बैठक में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर कसा तंज

# देश को लाचारगी, बेचारगी और हीन भावना के गर्त में गिराया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनडीए नेताओं की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनडीए के 12 वर्षों की एक बड़ी सफलता ये भी है कि देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ है। कांग्रेस ने देश को लाचारगी, बेचारगी और हीन भावना के गर्त में गिरा दिया था। देश को यही एहसास कराया जाता था कि भारत में विकास धीरे-धीरे ही होता है, भारत में तेज विकास संभव ही नहीं है और बड़ी ही चतुराई से धीमी विकास को एक नाम दिया था, 'हिंदू ग्रोथ रेट' यानी कार्यशैली कांग्रेस की, दायित्व कांग्रेस का, विफलता कांग्रेस की लेकिन कलंक देश की बड़ी हिंदू आबादी के नाम लगाया गया जबकि असल में इस कुसंस्कृति का नाम होना चाहिए था कांग्रेस ग्रोथ रेट।

### आज के भारत के संकल्प और लक्ष्य बड़े

पीएम ने कहा कि कल के विकसित भारत की गारंटी है, आज का आकांक्षी भारत। आकांक्षी भारत के गर्भ में विकसित भारत पल रहा है। आज के भारत की आकांक्षाएं बड़ी हैं, सपने बड़े हैं इसलिए उसके संकल्प और लक्ष्य भी बड़े हैं।

### 12 वर्षों में देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ

### आकांक्षी भारत के गर्भ में विकसित भारत पल रहा



एनडीए के सम्मेलन में सहयोगी दलों का अभिवादन करते पीएम मोदी

**भारत की विकास दर 7.8%**

पीएम ने कहा कि आज दुनिया के बड़े-बड़े देशों की अर्थव्यवस्था संघर्ष कर रही है तब भी 2025-26 में भारत ने 7.7 प्रतिशत की ग्रोथ रेट हासिल की है और पिछला क्वाटर तो, जो 31 मार्च को खत्म हुआ है, उसमें भी भारत की ग्रोथ 7.8 प्रतिशत रही है। हम आज दुनिया की तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन चुके हैं।'

### लोगों ने अपना भरोसा हमें सौंपा

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि साल 2014 में जब एनडीए की जीत हुई थी तब मैंने कहा था कि आज देश के सामान्य मानवी में एक नई आशा का उदय हुआ है। इस आशा का, इस उम्मीद का संरक्षण हम सभी का बहुत बड़ा दायित्व था। देश के लोगों ने कांग्रेस के विश्वासघात के बाद अपने भरोसा हमें सौंपा था। मुझे आज संतोष है, गर्व है कि एनडीए परिवार के तौर पर हमने देश के विश्वास को हमेशा और मजबूत किया है।

# भोपाल का आदेश, जबलपुर में बेअसर!

## दूसरों को पढ़ाने वाले खुद नियम तोड़ रहे

**जबलपुर।** प्रदेशभर में शिक्षकों और शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की कार्यसंस्कृति में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के उद्देश्य से लोक शिक्षण संचालनालय ने 'हमारे शिक्षक' ऐप के माध्यम से ई-अटेंडेंस व्यवस्था लागू की है। शासन ने स्पष्ट कर दिया है कि अब शिक्षकों, प्राचार्यों और विभागीय कर्मचारियों का वेतन ऑनलाइन उपस्थिति के आधार पर ही जारी किया जाएगा। लेकिन जबलपुर में शिक्षा विभाग के अधीन संचालित चार प्रमुख प्रशिक्षण संस्थानों में इस आदेश का असर दिखाई नहीं दे रहा है।

विडंबना यह है कि जो संस्थान प्रदेश के शिक्षकों को प्रशिक्षण देने, नई शैक्षणिक नीतियों को लागू करने और शिक्षा व्यवस्था को दिशा देने की जिम्मेदारी निभाते हैं, वहीं के अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी शासन के निर्देशों की अनदेखी करते नजर आ रहे हैं। प्रांतीय राज्य शिक्षण महाविद्यालय, राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, मनोविज्ञान संदर्शन महाविद्यालय तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों में ई-अटेंडेंस व्यवस्था का पालन नहीं होने से विभागीय अनुशासन और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### ई-अटेंडेंस से जुड़ेगा वेतन

लोक शिक्षण संचालनालय के आयुक्त अभिषेक सिंह द्वारा 9 जून को जारी डिजिटल हस्ताक्षरित आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी शासकीय शिक्षकों और कर्मचारियों की उपस्थिति अब 'हमारे शिक्षक' ऐप के माध्यम से दर्ज की जाएगी। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि जिस दिन कर्मचारी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं करेगा, उसे अनुपस्थित माना जाएगा और उसी के अनुसार वेतन भुगतान प्रभावित होगा। विकासखंड शिक्षा अधिकारियों तथा संकुल प्राचार्यों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि बिना ई-अटेंडेंस के वेतन आहरण देयक तैयार करने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।इसके बावजूद जबलपुर के इन संस्थानों में पदस्थ कई कर्मचारी और अधिकारी स्वयं को इस व्यवस्था से अलग मानकर काम कर रहे हैं।

### प्रशिक्षण संस्थानों में ही अनुशासनहीनता

शिक्षा विभाग के जानकारों का कहना है कि इन संस्थानों की भूमिका केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि शैक्षणिक नेतृत्व की भी होती है। यहां से शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित होते हैं, नई शिक्षा नीतियों के क्रियान्वयन की रणनीति तैयार होती है और विभागीय गतिविधियों का संचालन किया जाता है।ऐसे संस्थानों में यदि कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं होते या निर्धारित नियमों का पालन नहीं करते, तो इसका सीधा असर प्रशिक्षण गतिविधियों और विभागीय कार्यों पर पड़ता है। आरोप है कि कई कर्मचारी नियमित रूप से ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं कर रहे हैं, जबकि उनसे जुड़े प्रशासनिक कार्य लगातार प्रभावित हो रहे हैं।

### आदेश को ताक पर रखकर चल रही मनमानी

सूत्रों के अनुसार जब भी संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के संबंध में चर्चा की जाती है, वे स्वयं को इस व्यवस्था के दायरे से बाहर बताने का प्रयास करते हैं। हालांकि शासन के आदेश में ऐसे किसी अपवाद का उल्लेख नहीं है। स्थिति यह है कि जिन कर्मचारियों को डिजिटल पारदर्शिता और जवाबदेही का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए, वे ही नई व्यवस्था को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। इससे अन्य संस्थानों और विद्यालयों में भी गलत संदेश जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

# कांग्रेस का पोल खोल–हल्ला बोल आंदोलन, मोदी और मोहन यादव का पुतला दहन



**जबलपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संजय यादव के नेतृत्व में बरगी विधानसभा के बरगी ब्लॉक में भाजपा सरकार के खिलाफ ?पोल खोल–हल्ला बोल? जनआंदोलन आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर सरकार की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन किया गया।सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की बढ़ती कीमतों, बेरोजगारी, नीट परीक्षा घोटाले तथा बरगी क्षेत्र की उपेक्षा के मुद्दे उठाए। साथ ही गांवों में अवैध शराब बिक्री पर रोक, परीक्षा घोटालों पर सख्त कार्रवाई, युवाओं को रोजगार और किसानों को खाद संकट से राहत देने की मांग की। कार्यक्रम में प्रदेश प्रतिनिधि बबुआ शुक्ला, विधानसभा प्रभारी दीपांशु यादव, रघु चौधरी, विकास खन्ना, ब्लॉक अध्यक्ष मुन्नी बाई, कमला पटेल, चतुर सिंह लोधी, रुक्मणी गोटिया, संतोष डेहरिया, नीलेश वरकड़े, संजू वरकड़े, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष गोपी परस्ते, उमा उइके, प्रकाश थापा, बेनी आर्मो, अमित गिरि, जयसिंह मरकाम, नन्हू रजक, श्रीपाल जी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# राज्यसभा चुनाव में नामांकन निरस्तीकरण के विरोध में कांग्रेस का उपवास एवं प्रदर्शन

**जबलपुर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में उपवास एवं विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने आरोप लगाया कि राज्यसभा चुनाव प्रक्रिया में लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक परंपराओं की अनदेखी की गई है। वहीं ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि अपनाई गई प्रक्रिया ने लोकतंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए हैं। पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी ने किसी प्रकार की जानकारी नहीं छिपाई और पार्टी लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी।कार्यक्रम में संगठन महासचिव रितेश गुप्ता (बंटी), राजेश पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य मिश्रा, सिद्धांत जैन, प्रमोद पटेल, कमलेश यादव, इंदिरा पाठक तिवारी, अयोध्या तिवारी, संतोष दुबे, सतीश तिवारी, सरबजीत सिंह रील, आरिफ बेग, प्रवेंद्र चौहान, संजू ठाकुर, रुक्मिणी गोटिया, मुकुल खंपरिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## मास्टर संघ कराटे एकेडमी के अवियान्स ने जीतू दो कांस्य पदक



**जबलपुर।** मास्टर संघ कराटे एकेडमी के अध्यक्ष महेंद्र सोनकर ने बताया कि हाल ही में कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा (K.I.O) सब जूनियर, कैडेट और जूनियर कराटे चैंपियनशिप 2026 देहरादून उत्तराखंड के परेड ग्राउंड के मल्टीपरपस हॉल में 4 से 7 जून को आयोजित की गई जिसमें जबलपुर के अवियान्स मेश्राम ने दो कांस्य पदक जीते, पहला कांस्य पदक (कुमिते) फाइट में 8 वर्ष आयु -20kg, दूसरा कांस्य पदक काता में 8 वर्ष आयु, जिसमें टीम के कोच की भूमिका भगवान दास ने निभाई। अवियान्स मेश्राम की इस उपलब्धि पर मास्टर संघ कराटे अकैडमी के अध्यक्ष महेंद्र सोनकर और सदस्यों ने ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

# आंधी-बारिश के संकट में मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का '1912' बना मददगार

### एक ही दिन में 44 हजार से अधिक कॉल्स अटेंड कर दी त्वरित सहायता

**जबलपुर।** 9 जून को आए आंधी-तूफान एवं बारिश के कारण मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यक्षेत्र में कई स्थानों पर विद्युत अधोसंरचना प्रभावित हुई, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति निर्मित हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने सहायता एवं शिकायत दर्ज कराने हेतु '1912' टोल फ्री नंबर पर संपर्क किया।एक ही दिन में '1912' उपभोक्ता सेवा केंद्र पर कुल 44,493 कॉल प्राप्त हुईं, जिनमें से 44,070 कॉल्स का सफलतापूर्वक उत्तर दिया गया। उक्त अवधि में प्राप्त कुल 24,124 शिकायतों में से 23,628 शिकायतों का निराकरण कर दिया गया, जो लगभग 97 प्रतिशत है। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कंपनी के अधिकारियों एवं फील्ड कर्मचारियों ने युद्धस्तर पर कार्य करते हुए प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बहाली सुनिश्चित की। उपभोक्ता सेवा केंद्र में कार्यरत टीम ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी उपभोक्ताओं को निरंतर सहायता उपलब्ध कराई। कंपनी प्रबंधन ने कहा कि विपरीत मौसम परिस्थितियों में भी उपभोक्ताओं तक त्वरित सहायता पहुंचाना कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। '1912' उपभोक्ता सेवा केंद्र भविष्य में भी इसी समर्पण और दक्षता के साथ उपभोक्ताओं को सेवाएं प्रदान करता रहेगा।

# समय पर सभी कार्यों का संपादन सुनिश्चित करने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न



**जबलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी की अध्यक्षता में शासकीय पं. ल. शं. झा मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं और शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यार्थियों के नामांकन, शैक्षणिक गुणवत्ता, निर्माण कार्यों की स्थिति और विभागीय योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। समीक्षा में कक्षा 1 में नए प्रवेश, कक्षा 8 से 9 और 10 से 11 में ट्रांजिशन, अपार आईडी निर्माण, लंबित छात्रवृत्ति प्रकरण, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक और साइकिल वितरण, एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर पोस्ट वेरिफिकेशन, ऑनलाइन उपस्थिति, व्यावसायिक शिक्षा, जर्जर भवनों की स्थिति, अतिरिक्त कक्षों की आवश्यकता और इंटरएक्टिव पैनलों के उपयोग सहित पीएम श्री एवं समग्र शिक्षा अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही ''एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0'' के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विशेष जोर दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने कहा कि सभी प्राथमिकता वाले कार्य समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किए जाएं और विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र विद्यार्थियों तक शत-प्रतिशत पहुँचाया जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और सतत मॉनिटरिंग पर भी बल दिया। बैठक में एडीपीसी गौतम बर्बे, डीपीसी योगेश शर्मा, जिला खेल अधिकारी मधुमिता हाजरा, विधि प्रभारी कृष्णकांत शर्मा सहित समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी और स्कूल प्राचार्य उपस्थित रहे।



# जीआरपी ने फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया

**जबलपुर।** वर्ष 2022 से फरार चल रहे स्थाई वारंटी रंजीत उर्फ पप्पू पानी पिता सुल्तान उर्फ जंडेल कौरव उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम गोंगावली थाना करेली जिला नरसिंहपुर को रेलवे स्टेशन मदन महल से गिरफ्तार किया गया।इसी तारतम्य में दिनांक 09.06.26 को स्टेशन परिसर रेलवे स्टेशन मदन महल में शान्ति भंग कर रहे युवक आकाश भाट पिता भगवानदास भाट उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम कोडिया थाना करेली जिला नरसिंहपुर के विरुद्ध इस्तगासा क्रमांक 92/26 धारा 170/126(2), 135(3) BNSS की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत, चौकी प्रभारी Asi जग्गनाथ प्रसाद धुर्वे, प्रधान आरक्षक अमित उइके, संदीप त्रिपाठी, अनुराग तिवारी, विनोद तिवारी, आरक्षक परशुराम यादव, कंपनी कुमार, मनीष शर्मा की अहम भूमिका रही।

# बिरसा मुंडा पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि और वृक्षारोपण



**जबलपुर।** 9 जून 2026 को मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद के निर्देशानुसार आदिवासी क्रांतिवीर भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पूरे प्रदेश में मनाई गई। जबलपुर में बिरसा मुंडा चौक, आधारताल स्थित प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थितजनों ने उनके जल-जंगल-जमीन के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

सभा में वक्ताओं ने 2027 की जनगणना में आदिवासियों के लिए अलग "आदिवासी धर्म कॉलम" जोड़ने की मांग की और पर्यावरण संरक्षण हेतु बिरसा बाबा के संदेश को याद किया। तहसील कुंडम के शिव टेकरी तिलसानी में परिषद के कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण कर हरियाली बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर संघ के एड. शैलेश धुर्वे, राजेन्द्र सिंह तेकाम, बसंत तेकाम, दीपेन्द्र मरकाम, रामकुमार सैयाम, बालकृष्ण उइके, उदय मरावी, महेन्द्र मरावी, नरेश मरकाम, शेखलाल आर्मो, ब्रजमोहन धुर्वे, धीरेन्द्र संजू ठाकुर, अरविन्द मार्को, कपिल मार्को, नीलेश बरकडे, सोनू बरकडे, अभिताप धुर्वे, दीपक मार्मो, विशाल मरावी, नेमचंद्र बरकडे, मुलामय मरकाम, देवकुमार मरावी, मोहन उइके, महेन्द्र ठाकुर, लोटन मरकाम सहित कई लोग उपस्थित थे।



# भेड़ाघाट स्टेडियम को हेलीपैड न बनाने की मांग, युवाओं ने आवेदन सौंपा

**जबलपुर।** भेड़ाघाट नगर परिषद में स्थित बरगी स्टेडियम, जिसे पूर्व विधायक प्रतिभा सिंह ने बनाया था, को हेलीपैड बनाने की योजना के खिलाफ स्थानीय युवाओं ने आवाज़ उठाई है। स्टेडियम पर नेशनल खेल आयोजन हो चुके हैं और आसपास के गांवों के बच्चे एवं युवा यहां नियमित रूप से क्रिकेट और अन्य खेल खेलते रहे हैं। युवाओं ने बरगी विधानसभा के विधायक नीरज सिंह और कलेक्टर को आवेदन देकर स्टेडियम को खेल-केंद्र के रूप में बनाए रखने की मांग की। विधायक नीरज सिंह ने कहा कि बच्चों से उनका खेल का हक नहीं लिया जाएगा और खेल सुविधाओं के लिए व्यवस्थित चर्चा के बाद समाधान निकाला जाएगा। भेड़ाघाट की सामाजिक कार्यकर्ता वंदना दीदी ने कहा कि यह स्टेडियम पूर्व विधायक प्रतिभा सिंह की विधायक निधि से निर्मित एक धरोहर है, जिसे सुरक्षित रखा जाना चाहिए। आवेदन सौंपने के समय अनुराग व्यास, सचिन दुबे, सचिन गुप्ता, सुभाष, सौरभ, नियाज़, इमरन, अतुल, अंशुल पटेल और वंदना दीदी उपस्थित थे।



# आचार्य श्री समयसागर महाराज को चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट

**जबलपुर।** नागपुर में ग्रीष्मकाल व्यतीत कर रहे आचार्य श्री समयसागर महाराज को जबलपुर में चातुर्मास करने हेतु दिगम्बर जैन पंचायत सभा, जैन नवयुवक सभा एवं संरक्षिणी सभा के नेतृत्व में करीब दो हजार श्रावक-श्राविकाओं ने श्रीफल भेंट कर विनम्र निवेदन किया। इस अवसर पर दिगम्बर जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाशचंद जैन, प्रधानमंत्री अनिल जैन (गुड्डा), सुजीत माऊ, जैन नवयुवक सभा के उपाध्यक्ष आशु, मयंक पहलवान, मंत्री पवित्र जैन, अतिशय जैन तथा संरक्षिणी सभा से आनंद सिंघई, चक्रेश मोदी, सौरभ (नन्हू) एवं पवन चौधरी उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने आचार्यश्री से जबलपुर में चातुर्मास व्यतीत कर धर्म प्रभावना का लाभ प्रदान करने का आग्रह किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**जबलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय कृषि वानिकी अनुसंधान परियोजना, इमलिया में वानिकी विभाग द्वारा वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. अजय खरे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर डॉ. खरे ने पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया। वहीं वैज्ञानिक डॉ. सोमनाथ सर्वेदे ने हरित आवरण बढ़ाने और पर्यावरण जागरूकता पर बल दिया। कार्यक्रम के बाद छात्र-छात्राओं के लिए पर्यावरण विषयक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता एवं प्राकृतिक संसाधनों के महत्व की जानकारी दी गई। इसी क्रम में उद्यान शास्त्र विभाग द्वारा अधारताल स्थित नवीन नर्सरी में अमरूद के पौधों का रोपण एवं गटारन बीजों की बुवाई की गई। अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति बारचे ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण और उसकी देखभाल का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश तिवारी, डॉ. बी.पी. बिसेन, डॉ. यू.के. चन्देरिया, डॉ. रीना नायर, डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. आर.पी. जयसवाल, डॉ. मीनाक्षी रामगिरि, डॉ. भारती चौधरी, अनिल चौहान एवं कोमल आवस्या सहित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रास्ते पूछने के बहाने किसान के जेब से मोबाइल लूटकर भागे बदमाश

जबलपुर। पनागर थाना अतंर्गत मझौली बायपास आरा मशीन के पास बाईक में सवार दो अज्ञात बदमाश एक बाईक सवार वृद्ध किसान के पास आए और रास्ता पूछते हुए उसके जेब से मोबाइल ले झपट्टा मारकर ले गए। मोबाइल की कीमत लगभग 7 हजार रुपए की बताई गई है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लीटी निवासी 60 वर्षीय किसान नरेंद्र श्रीवास्तव गत रात पनागर बाजार से अपने गांव जा रहा था।

**CHANGE OF NAME**

I, **RADHIKA** is legally wedded spouse of NO. **15425862K** RANK **HAV/NA** NAME **LEELA RAM SAHU** presently residing at **MH, JABALPUR (MP)** I, have changed of my name from **RADHIKA SAHU** (Name as per my Husband, Army service records) to **RADHIKA** (name as per my **AADHAR CARD NO. 6127 0822 6839 AND PAN CARD NO. CYWPR0984E)** vide affidavit dated **09/06/2026** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

**CORRECT NAME**
**RADHIKA**
**INCORRECT NAME**
**RADHIKA SAHU**

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO. 15425862K RANK HAV/NA NAME LEELA RAM SAHU S/O NARAYAN LAL SAHU OF UINT MH, JABALPUR (MP) AADHAR CARD No. 3777 1555 4543 I, have changed name and date of birth of my **MOTHER** from name **NARMADA BAI SAHU** and date of birth **01/07/1967** (name and date of birth as per my Army service records) to name **NARMADA SAHU** and date of birth **05/10/1965** (name and date of birth as per my **MOTHER, AADHAR CARD NO. 2000 1385 2269 AND PAN CARD NO. SLRPS4860Q** vide affidavit dated **09/06/2026** formerly before Public Notary Jabalpur.

**CORRECT NAME**
**NARMADA SAHU**
**INCORRECT NAME**
**NARMADA BAI SAHU**
**CORRECT DATE OF BIRTH**
**05/10/1965**
**INCORRECT DATE OF BIRTH**
**01/07/1967**

**नाम एंव जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

I, KAMANI DEVI is legally MOTHER of ARMY NO-15711309P, Rank - HAV, Name-ASHISH KUMAR presently residing at Vill - SAIRAAPUR-POST-MUSAPUR, Police Station-SARENI. Distt - RAE BARELI, State- U. P., PIN- 229216 शपथपूर्वक नि.लि. कथन करती हूं कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एंव जन्मतिथि KAMINI DEVI / 15/08/1959 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम एंव जन्मतिथि KAMANI DEVI / 01/01/1960 दर्ज है।जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ पत्र नं 38AA5800055 दिनांक 10-06-26 नोटरी जबलपुर म प्र ।

**गलत नाम एंव जन्मतिथि**
KAMINI DEVI / 15/08/1959
**सही नाम एंव जन्मतिथि**
KAMANI DEVI / 01/01/1960